नव भारत

इंदौर, बुधवार 25 मार्च 2015

सुरक्षित रहकर करें आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल : कपूर

इंदौर, 24 मार्च. ब्लैक रिबन इनीशिएटिव के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक वरूण कपूर द्वारा चलाये जा रहे सायबर सुरक्षा अभियान की 95 वीं कार्यशाला का आयोजन विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के सभागृह में किया गया। इस संस्करण में 137 छात्र-छात्राओं एवं फेकल्टी मेंबर्स को सायबर सुरक्षा नियमों व प्रक्रियाओं के संबंध में जागरूक किया गया.

पीआरटीएस, इंदौर के निदेशक व इस अभियान के प्रणेता श्री कपूर ने आगे बताया कि प्रथम सत्र में उनके द्वारा उपस्थित जन-समूह को सायबर सुरक्षा के अह्म पहलुओं की जानकारी दी गई और यह भी बताया कि आज बदलाव की गति अत्यंत ही तेज है, इसलिये हमेशा अपने आप को अपडेट रखें. सुरक्षित रहकर आधुनिक टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिये करें व इसका शिकार बनने से बचे.

जागरूकता सुरक्षा का मूलमंत्र

वास्तविक व काल्पनिक दुनिया की जानकारी देते हुए बताया कि जिस प्रकार असली दुनिया में हम सुरक्षित रहकर अपना जीवन-यापन करते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया (वर्चुअल वर्ल्ड) में भी स्वयं को सुरक्षित रखने के प्रयास करना चाहिये ताकि नियमों व कानूनों का पूर्ण ज्ञान रखते हुए विधिवत् कार्रवाई की जाए. जागरूकता ही एकमात्र ऐसा मूलमंत्र है जो कि सायबर स्पेस में नागरिकों को सुरक्षित रख सकता है. उपस्थित जन-समूह से प्रश्न व उत्तर के माध्यम से श्री कपूर ने सीधा संवाद स्थापित किया व उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।